दिनांक - 31/07/2024 मादक पदार्थो की तस्करी के मामले में वांछित हिस्ट्रीशीटर आया कोतवाली ऋषिकेश पुलिस की गिरफ्त में

अभियुक्त की हिस्ट्रीशीटर पत्नी और तीनों पुत्रियो के विरूद्ध भी सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मुकदमा हुआ पंजीकृत। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर पर मादक पदार्थो की तस्करी व अन्य अपराधों के लगभग 04 दर्जन तथा उसकी हिस्ट्रीशीटर पत्नी पर 01 दर्जन आपराधिक अभियोग है दर्ज

कोतवाली ऋषिकेश के हिस्ट्रीशीटर हैं आरोपी दंपति।

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के "ड्रग फ्री देवभूमि 2025" के विजन को साकार करने के लिए एसएसपी देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब/मादक पदार्थो की तस्करी तथा नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु कड़े निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उक्त निर्देशो के अनुपालन में कोतवाली ऋषिकेश में पंजीकृत मु0अ0सं0-396/24, धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गुरुचरण की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिए गये निर्देशों पर थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सुरागरसी/पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को अभियुक्त गुरूचरण के गली नंबर 19 चंदेश्वरवर नगर में होने की जानकारी मिली।

जिस पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची, गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त, उसकी हिस्ट्रीशीटर पत्नी शांति देवी अपनी तीनो पुत्री सोनिया, सोनम और रानी द्वारा गिरफ्तारी का विरोध करते हुए पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की कर गाली गलौज की गई, मौके पर अभियुक्त गुरुचरण तथा उसकी पत्नी व तीनों पुत्रीयो द्वारा पुलिस के विरुद्ध लोगों को इकट्ठा करने की कोशिश की गई मगर अभियुक्तों के आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के विषय में सभी लोगो को पूर्व से जानकारी होने के कारण कोई व्यक्ति उनके साथ नहीं आया। पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान अभियुक्त की हिस्ट्रीशीटर पत्नी व तीनों पुत्रियां गली में इधर-उधर भाग गई तथा पुलिस टीम द्वारा मौके से गुरु चरण को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी से बचने व पुलिस टीम का विरोध कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस के विरूद्ध भीड एकत्रित किये जाने के संबंध में हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गुरुचरण, उसकी हिस्ट्रीशीटर पत्नी शांति देवी व तीनों पुत्रियों सोनम, सोनिया और रानी के विरुद्ध कोतवाली ऋषिकेश में संबंधित धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तः-

गुरूचरण उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 सुभाष निवासी गली नं0 19, चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश।

कोतवाली ऋषिकेश
जनपद–देहरादून (उत्तराखण्ड)
प्रभारी निरीक्षक 94111128
कार्यालय कोतवाली ऋषिकेश देहरादून
MOVING